**विधान परिषद द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित डा० मान सिंह यादव, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-37 का उत्तर।**

---

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 37-(क) | क्या उप मुख्यमंत्री (चिकित्सा शिक्षा) बतायेंगे कि प्रदेश के मेडिकल कालेजों में किन-किन रोगों के अधिक मरीजों का इलाज किया जा रहा है ? | प्रदेश के मेडिकल कालेजों में कई प्रकार के रोगों जैसे-डायरिया, डेंगू, मलेरिया, डायबटीज, हाईपर टेंशन, डिपरेशन/मानसिक रोग, निमोनिया, वायरल बुखार, टाइफाइड, थायराइड, टी०बी०, कुष्ट रोग इत्यादि के अधिक मरीजों का इलाज किया जा रहा है। |
| (ख) | क्या उक्त रोगों की रोकथाम हेतु सरकार कोई योजना बनाकर कोई कार्यवाही कर रही है ? | जी हॉ। |
| (ग) | यदि हॉ, तो क्या? | सरकार द्वारा रोकथाम हेतु अनेक योजनाये संचालित है, जैसे-संचारी रोग की रोकथाम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम।<br><br>केन्द्र सरकार की योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा नेशनल वायरल हेपेटाइटस प्रोग्राम चलाया जा रहा है, जिसके तहत मरीजो को हेपेटाइटस-ए.बी, सी एवं ई की जांच एवं निःशुल्क उपचार प्रदान किया जाता है।<br>जन्मजात मधुमेह रोग से ग्रसित बच्चों को एन.एच.एम की योजना के अंतर्गत निःशुल्क जांच एवं इंसुलिन की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।<br>टी.बी. के मरीजो के लिए टी.बी. उन्मूलन अभियान के अंतर्गत निःशुल्क जांच एवं उपचार की व्यवस्था की गयी है।<br>मौसमी बुखार, टाइफाइड, मलेरिया की रोकथाम हेतु लार्वीसाइडल का छिडकाव एवं जल भराव की रोकथाम जैसे उपाय किये जाते है। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नही उठता। |

ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री